कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-25.06.2025

विषयः- नाबालिग लड़की को बहला-फुसला कर ले जाने के मामले में वांछित अभियुक्त आशीष सोनकर थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार, अपहृता/पीड़िता सकुशल बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा गुमशुदा/अपहृता की बरामदगी तथा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैन्ट के नेतृत्व में थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-0107/2025 धारा 137(2) बी0एन0एस0 व बढ़ोत्तरी धारा 87 बी0एन0एस0 थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी से सम्बन्धित नाबालिग अपहृता/पीड़िता को सकुशल बरामद करते हुए नामजद वांछित अभियुक्त आशीष सोनकर पुत्र किशोर सोनकर निवासी एस 9/370 नईबस्ती पाण्डेयपुर थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमि0 वाराणसी को दिनांक-24.06.2025 को समय करीब 19.10 बजे नियमानुसार थाना परिसर लालपुर पाण्डेयपुर से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण-

दिनांक-17.04.2025 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने विपक्षी आशीष सोनकर व अन्य द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री उम्र 17 वर्ष को पूर्व से पंजीकृत मुकदमे में सुलह करने के दबाव डालने हेतु बहला-फुसला कर ले जाने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना लालपुर पाण्डेयपुर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 जगदम्बा प्रसाद यादव द्वारा सम्पादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

आशीष सोनकर पुत्र किशोर सोनकर निवासी एस 9/370 नईबस्ती पाण्डेयपुर थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमि0 वाराणसी, उम्र करीब 22 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-

थाना परिसर लालपुर पाण्डेयपुर से, दिनांक-24.06.2025 को समय करीब 19.10 बजे।

बरामदगी का विवरण- मुकदमा उपरोक्त से संबंधित नाबालिग अपहृता/पीड़िता, उम्र करीब 17 वर्ष बरामद।

आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0-078/2023 धारा 323,504,506 भा0द0वि0 थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमि0 वाराणसी।
2. मु0अ0सं0-0127/2024 धारा-376(2),506 भा0द0वि0 व 5एल/6 पॉक्सो एक्ट थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमि0 वाराणसी।
3. मु0अ0सं0-0107/2025 धारा 87,137(2) बी0एन0एस0 थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 जगदम्बा प्रसाद यादव थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. हे0का0 सिद्धार्थ कुमार राय थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4. म0का0 रीमा थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।